पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने प्रयागराज में इलाहाबाद संग्रहालय कार्यकारिणी व संग्रहालय समिति के बैठकों की अध्यक्षता की।
राज्यपाल जी ने संग्रहालय की नवनिर्मित आजाद वीथिका,मूल सेंगोल की प्रतिकृति,नव संयोजित जन संशोधन प्रणाली व पुनर्संयोजित केन्द्रीय कक्ष का लोकार्पण किया।

लखनऊ: 25 सितंबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज प्रयागराज में संग्रहालय कार्यकारिणी व संग्रहालय समिति के बैठकों की अध्यक्षता की। राज्यपाल जी ने संग्रहालय की नवनिर्मित आजाद वीथिका,मूल सेंगोल की प्रतिकृति,नव संयोजित जन संशोधन प्रणाली व पुनर्संयोजित केन्द्रीय कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आजाद जी की पिस्तौल (बमतुल बुखारा) को अपने हाथों से निर्धारित कैबिनेट में स्थापित कर आजाद जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।
इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर एम बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री राज्यपाल श्री पंकज एल जानी, सुश्री मुग्धा सिन्हा, श्री विजय विश्वास पंत,प्रो.विभा त्रिपाठी,प्रो.योगेश्वर तिवारी, श्री राजेश प्रसाद श्री यशवंत सिंह राठौर समिति के सदस्य रुप में उपस्थित रहे।समिति की कार्यवाही का संचालन, स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन सदस्य सचिव के रूप में श्री राजेश प्रसाद, निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय ने किया।

राम मनोहर त्रिपाठी ,सहायक निदेशक/
डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361